बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-436
03/12/2019

मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 03 दिसम्बर 2019 :– देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की 135वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के उपरांत राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महिला चरखा समिति की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

राजेन्द्र चौक से राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट पहुॅचकर देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने यहां विजिटर बुक पर लिखा – ''देशरत्न श्रद्धेय राजेन्द्र बाबू के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूॅ''।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन एवं गीत प्रस्तुत किया।

******